Need to increase the amount and number of scholarships disbursed to students on the basis of socio ? economic background ?laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच) **:** देश में शिक्षा मंत्रालय तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा छात्रों की मेरिट के आधार पर अथवा सामाजिक आर्थिक स्थिति के आधार पर दी जा रही विभिन्न छात्रवृत्तियों की धनराशि और संख्या दोनों को बढ़ाने की आवश्यकता है वर्तमान में मुद्रास्फीति की दर और जीवन यापन की लागत बहुत बढ़ गई है ऐसे में छात्रों को दी जा रही छात्रवृत्ति की राशि उनकी जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करने में उपयुक्त है । इस संबंध में मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह तत्काल विभिन्न स्तरों पर इस बारे में मशविरा करें और आज की जरूरत के अनुसार छात्रवृतियों की संख्या और धनराशि बढ़ाया जाना सुनिश्चित करें ।